बुधवार
13 अगस्त, 2025
वर्ष: 54, अंक: 166
आर.एन.आई. सं.: 23313
डाक पंजीयन सं.: VSI-21
मूल्य: 3.00 रुपये
पृष्ठ: 8 वाराणसी

जन के साथ-सच के साथ
जनवार्ता

# जिम्मेदारी, जवाबदेही से ही सफलताः अंकुर सचदेव




## एसएमएस में एमबीए पाठ्यक्रम का तीन दिनी ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरु

वाराणसी (जनवार्ता)। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि आत्मनिर्भरता, नैतिकता और पेशेवर प्रतिबद्धता सफलता के ऐसे मानक हैं जिन्हें प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि टेनॉन फेसिलिटी मैनेजमेंट के सीईओ अंकुर सचदेव ने नवागंतुक प्रबंधन के विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्हें कार्यस्थल पर विनम्र और सकारात्मक बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में निष्ठा, जिम्मेदारी और जवाबदेही से ही दीर्घकालिक सफलता पायी जा सकती है। विशिष्ट अतिथि विरोश भांबीर, डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (एचआर), टाटा कैपिटल समूह, मुंबई ने विद्यार्थियों से संस्थान में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं और संसाधनों का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अवसरों का सही उपयोग ही विद्यार्थियों को भीड़ से अलग खड़ा करेगा। एक अन्य विशिष्ट अतिथि मोहित सिन्हा, सीएचआरओ, गुलाटेक एकता समूह, नोएडा ने नवागंतुकों से जिज्ञासु बने रहने और कठिन कार्यों को साहस के साथ पूरा करने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित अंकुर कुमार, (जनरल मैनेजर, जोनल हेड (एचआर), अल्ट्रा टेक सीमेंट, लखनऊ) ने बदलते उद्योग परिदृश्य में सीखने और साथ ही पुराने विचारों को भूलने (अनलर्न) की क्षमता पर बल दिया।

हिन्दुस्तान
SMART
वाराणसी, बुधवार, 13 अगस्त 2025

# एसएमएस में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू



वाराणसी। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को हुई। संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक-व्यावसायिक परिदृश्य में कौशल को समयानुरूप विकसित करना सफलता की कुंजी है। उद्घाटन सत्र में टेनॉन फैसिलिटी मैनेजमेंट के सीईओ अंकुर सचदेव मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि टाटा कैपिटल समूह मुंबई के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट सिद्धेश भांबीड रहे।

अमर उजाला
वाराणसी | बुधवार, 13 अगस्त 2025

# एसएमएस में एमबीए का ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू




वाराणसी (वि)। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस (एसएमएस) के एमबीए कोर्स में तीन दिनों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि आत्मनिर्भरता, नैतिकता, पेशेवर प्रतिबद्धता सफलता ऐसे मानक हैं जिन्हें हर एक विद्यार्थी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक व्यवसायिक परिदृश्य में कौशल को समय के अनुसार अपडेट करना और स्पष्ट कॅरियर लक्ष्य रखना सफलता की चाबी है। मुख्य अतिथि टेनॉन फैसिलिटी मैनेजमेंट के सीईओ अंकुर सचदेव ने कहा कि कार्य में स्थिरता, जिम्मेदारी और जवाबदेही से ही दीर्घकालिक सफलता पाई जा सकती है। डिजिटल युग में एआई के जरिये तकनीकी क्रांति आई है। इसने प्रबंधन को नया आयाम दिया है। टाटा कैपिटल समूह के सिद्धेश भांबीड ने कहा कि अवसरों का सही उपयोग आपको भीड़ से अलग रखेगा। अंकुर वर्मा ने कहा कि खुद को निखारने वाले ही लंबे समय तक टिके रहते हैं। इस दौरान रोहित सिन्हा, डॉ. वीरेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय
सहारा
वाराणसी • बुधवार • 13 अगस्त • 2025

# सामाजिक हित में करें प्रबंधन के गुणों का उपयोग : प्रो. झा



## एसएमएस में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू

**वाराणसी।** स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरु आत हुई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि आत्मनिर्भरता, नैतिकता और पेशेवर प्रतिबद्धता सफलता के ऐसे मानक है जिन्हें हरएक विद्यार्थी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। नवागंतुक विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए प्रो. झा ने कहा कि प्रबंधन के गुणों का उपयोग सामाजिक हित में करें। उद्घाटन सत्र में टेनॉन फैसिलिटी मैनेजमेंट के सीईओ अंकुर सचदेव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल युग में एआई के जरिये नई तकनीकी क्रान्ति आयी है जिसने प्रबंधन को नया आयाम दिया है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अल्ट्रा टेक सीमेंट लखनऊ के जीएम अंकु कुमार रहे। तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विशेष रूप से उद्योग-शैक्षणिक सहयोग की नई योजनाओं की घोषणा भी की गयी। प्रस्तावना से असोसिएट प्रोफ़ेसर वीरेश त्रिपाठी ने अवगत कराया। इस दौरान विभागाध्यक्ष, प्रबंधन व जनसंचार विभाग ने परिचय कराया। उदघाटन सत्र का संचालन प्रो. पल्लवी पाठक व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अमिताभ पांडेय ने किया। इस अवसर पर एस.एम.एस. वाराणसी के अधिशासी सचिव डॉ. एमपी सिंह, प्रो संदीप सिंह, कुलसचिव संजय गुप्ता सहित शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान

वाराणसी, बुधवार, 13 अगस्त 2025

# एसएमएस में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन शुरू



वाराणसी। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को हुई। संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक-व्यावसायिक परिदृश्य में कौशल को समयानुरूप विकसित करना सफलता की कुंजी है। उद्घाटन सत्र में टेनॉन फैसिलिटी मैनेजमेंट के सीईओ अंकुर सचदेव मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि टाटा कैपिटल समूह मुंबई के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट सिद्धेश भांबीड रहे।